चीन में दिखा हर्षित दामोदरन का जलवा

प्रयागराज। हर्षित दामोदरन ने 19वीं जूनियर एशियन जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। उन्होंने चीन में हुई इस चैंपियनशिप में वॉल्ट में यह सफलता हासिल की। इसी साल मार्च में हर्षित को जर्मनी में आयोजित इंटरनेशनल चैलेंज कप जिमनास्टिक्स टूर्नामेंट में भी वॉल्टिंग टेबल में स्वर्ण पदक मिला था।

खेलगांव पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्र हर्षित ने भारतीय टीम को टीम स्पर्धा में कांस्य पदक दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। टीम में खेलगांव के ही मोहम्मद जैद अंसारी भी शामिल रहे। हर्षित ने हॉरिजेंटल बार के फाइनल के लिए भी क्वालिफाई किया। हर्षित और जैद को नेशनल स्पोर्ट्स अकादमी प्रयागराज के राजा बाबू के साथ अमेरिकी विशेषज्ञ यिन एलॉय अल्वारेज ने भी प्रशिक्षण दिया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. यूके मिश्र और वाइस चेयरमैन अनिल मिश्र ने हर्षित और जैद को बधाई और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

- जूनियर एशियन जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप में जीता सोना
- मार्च में जर्मनी में हुए टूर्नामेंट में भी मिला था स्वर्ण पदक

खेलगांव पब्लिक स्कूल के वाइस चेयरमैन अनिल मिश्र के साथ हर्षित दामोदरन, जैद अंसारी और राजा बाबू (क्रमशः बाएं से)।

चेन्नई से प्रयागराज आकर बने जिम्नास्ट, भाषाई दिक्कत नहीं बनी बाधा

हर्षित मूल रूप से चेन्नई के रहने वाले हैं। उनके पिता दामोदरन बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं और चेन्नई में वह बैडमिंटन अकादमी चलाते हैं। हर्षित 2018 में प्रयागराज में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने आए थे तब उनकी उम्र सिर्फ 10 साल थी। यहां की सुविधाओं को देखकर उनके पिता ने उन्हें बेहतर जिम्नास्ट बनाने के लिए यहीं दाखिला दिला दिया। शुरुआत में उन्हें भाषाई दिक्कत हुई। वह अंग्रेजी अच्छी नहीं बोल पाते थे और हिंदी तो ना के बराबर ही आती थी। खेलगांव में शिक्षकों ने उनके साथ भाषाई तौर पर काफी मेहनत की। विदेशी और स्वदेशी प्रशिक्षकों ने उन्हें बेहतर जिम्नास्ट बनाने में मेहनत की।

19th Junior Asian Gymnastics Championships 2026

Staff Reporter

Prayagraj: Harschit Damodaran (Harschit D), a Class XII student of KhelGaon Public School, Prayagraj, Uttar Pradesh, has once again made India proud by winning the Gold Medal in the Men's Junior Vault Final at the 19th Junior Asian Gymnastics Championships, held in Zunyi, China (18–21 June 2026). His spectacular performance established him as one of Asia's finest young gymnasts and marked yet another historic milestone for Indian gymnastics.

Harschit Damodharan Creates History in China

With him, another student of KhelGaon Public School, Md. Zaid Ansari, was also part of the Indian Contingent and did a remarkable performance to pivot India into the lead at the Podium. Earlier this year, Harschit had also brought glory to the nation by winning the Gold Medal in the Men's Junior Vault Final at the DTB Stuttgart International Gymnastics Challenge Cup 2026 in Stuttgart, Germany, creating another landmark achievement for Indian gymnastics on the global stage. Adding to his remarkable success, Harschit played a pivotal role in helping the Indian Junior Men's Artistic Gymnastics Team win India's first-ever Bronze Medal in the team event at the Asian Championships. The Indian team, comprising Harschit Damodaran, Mohd Zaid Ansari, SK Nabigh Ali, Akshat Bajaj, and Nishad Narvane, scored 224.493 points to finish third behind China (241.458) and Japan (239.461). Harschit also qualified for the Horizontal Bar Final, further highlighting his exceptional all-round ability.